an>

Title: Regarding conversion of Lahoal – Khunsa State Highway to National Highway.

श्री रामेश्वर तेली (डिब्रूगढ़) : माननीय सभापति जी, मैं बहुत महत्वपूर्ण विषय की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मैं डिब्रूगढ़ लोकसभा क्षेत्र से आता हूं। इस क्षेत्र में करीब 63 किलोमीटर नये राष्ट्रीय राजमार्ग का काम चल रहा है। यह राजमार्ग तिनसुकिया जिले के पानीतुला से शुरु होकर असम के बॉर्डर और अरुणाचल के सुकानगुड़ी से होते हुए खुनसा जाएगा। अगर इस डिब्रूगढ़ के लाहुवाल से 23 किलोमीटर जोड़ दिया जाए तो अरुणाचल प्रदेश के लोगों को बहुत सुविधा होगी। अरुणाचल प्रदेश के लोग डिब्रूगढ़ में सामान खरीदने आते हैं। लोग यहां रेल से और डिब्रूगढ़ एयरपोर्ट से देश के विभिन्न राज्यों में जाते हैं। अगर 23 किलोमीटर सड़क को लाहुवाल से टिंगराईचारली तक जोड़ दिया जाए तो लोगों को बहुत सुविधा होगी। मैं सदन के माध्यम से माननीय मंत्री से प्रार्थना करता हूं कि राष्ट्रीय राजमार्ग 315ए में 23 किलोमीटर रास्ते को जोड़ा जाए।